https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 71 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, रविवार, 20 अप्रेल 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

## दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरी, 11 की मौत

### बचाव कार्य हुआ पूरा, 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

- मुस्तफाबाद के दयालपुर क्षेत्र में हुआ हादसा
- हादसे के समय इमारत में 22 लोग फंसे थे
- एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत



**नई दिल्ली,** दिल्ली के मुस्तफाबाद के दयालपुर क्षेत्र में शक्ति विहार, गली नंबर 1 में 18-19 अप्रैल की रात 2:39 बजे एक चार मंजिला इमारत ढहने की दुखद घटना ने इलाके को हिलाकर रख दिया। निगरानी कैमरे के फुटेज के अनुसार, हादसा रात 2:30 बजे हुआ, जब इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय इमारत में 22 लोग फंसे थे, जिनमें से 11 की मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के आठ लोग शामिल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, दिल्ली अग्निशमन सेवा और पुलिस की मेहनत से बचाव कार्य पूरा हो गया। 11 लोगों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से कुछ को छुट्टी मिल चुकी है। घटना की सूचना दयालपुर थाने को 3:02 बजे मिली, जिसके बाद पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, दिल्ली अग्निशमन सेवा और आपातकालीन एम्बुलेंस टीमें मौके पर पहुंचीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि 2:50 बजे सूचना मिलने पर 10 दमकल गाड़ियां तैनात की गईं थी।

> मुस्तफाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी : **रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार**

#### भूतल पर निर्माण कार्य चल रहा था

पुलिस के अनुसार, इमारत के मालिक तहसीन और उनका परिवार पहली मंजिल पर रहता था, जबकि अन्य मंजिलों पर किराएदार थे। भूतल पर दो-तीन दुकानों में निर्माण कार्य चल रहा था, जो हादसे का संभावित कारण हो सकता है।

#### मृतकों की सूची

1. तहसीन (60) मकान मालिक
2. नाजिम (30) पुत्र-तहसीन
3. शाहिना (28) पत्नी-नाजिम
4. अनस (6) पुत्र-नाजिम
5. आफरीन (4) पुत्री नाजिम
6. अफ्फान (8 माह) पुत्र-नाजिम
7. चांदनी (23) पत्नी- चांद मोहम्मद
8. इशहाक (70) ससुर-तहसीन
9. दानिश (23) पुत्र-शाहिद
10. नावेद (17) पुत्र-शाहिद
11. रेशमा (38) पत्नी नबी मोहम्मद

#### हादसा एमसीडी की लापरवाही का नतीजा : स्थानीय विधायक

मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर कहा कि यह हादसा एमसीडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने इस इमारत को खतरनाक बताया था और उपराज्यपाल व एमसीडी को आगाह भी किया था। बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद में कई अवैध और जर्जर इमारतें हैं और बिजली कंपनियां गरीबों को कनेक्शन नहीं देतीं। मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की घोषणा की गई है।

रामजीलाल सुमन से मिलने पहुंचे अखिलेश, बोले

## सरकार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है

**आगरा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की और दावा किया कि रामजी लाल के घर पर हमला भी साजिश के तहत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है। अखिलेश यादव ने देश के संविधान का जिक्र करते हुए कहा कि बाबासाहेब के संविधान और जो लोकतंत्र में हमें जो अधिकार मिले हैं, उनके तहत हम आगे बढ़ रहे हैं। हमें संविधान और कानून पर पूरा भरोसा है। मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा क्योंकि अब बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का संविधान है, संविधान ही सर्वोपरि रहेगा, यह पहले भी था और आगे भी रहेगा। जिन्होंने तलवार लहराई, जो बहुत सी तैयारियों के साथ आए, जिन्होंने गलियां दी हैं, वे आज भी सोशल मीडिया पर हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। हम लोग कानून मानने वाले हैं। भाजपा कानून को नहीं मानती। वह अधिकार को छीनने वाली है।



- सपा प्रमुख ने कहा संविधान ही सर्वोपरि, मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा

#### मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही

उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि आज सामंतवादी और प्रभुत्ववादी लोगों को पता है कि उनकी सरकार है। मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही है कि 'जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे', आखिरकार कौन हैं इनके पीछे? भाजपा के लोग कुछ भी लिख सकते हैं, उन पर न एफआईआर होगी, न ही कोई कार्रवाई होगी।

### सार संक्षेप

#### वंचितों की भागीदारी सुनिश्चित होने तक न्याय अधूरा : राहुल




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जब तक वंचित और पीड़ित वर्ग की भागीदारी तय नहीं होगी तब तक न्याय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। श्री गांधी ने कहा जब तक वंचित वर्गों की असल हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी - न्याय अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा सामाजिक न्याय और अपनी भागीदारी की लड़ाई को मज़बूत करने के लिए साथ आएं।

#### सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब के दौरे पर रहेंगे। उन्हें इस यात्रा का निमंत्रण क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने दिया है। 2016 और 2019 के बाद यह पीएम मोदी की सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। 2023 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस नई दिल्ली की राजकीय यात्रा पर आए थे।

#### अफगानिस्तान में 5.8 तीव्रता का भूकंप दिल्ली में भी झटके



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में शनिवार दोपहर 12:17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भूकंपीय गतिविधि की पुष्टि की। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सहित भारत के कई उत्तरी क्षेत्रों में महसूस किए गए। हालांकि किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई।

## बांग्लादेश में हिंदू नेता की हत्या, भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने शनिवार को बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने इसे देश की अंतरिम सरकार के तहत अल्पसंख्यकों के 'व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न' का हिस्सा बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह घटना बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ लक्षित हिंसा की खतरनाक ट्रेंड को दर्शाती है। जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को व्यथित रूप से देखा। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न का अनुसरण करती है, जबकि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।



- कहा, अपनी जिम्मेदारी निभाए यूनुस सरकार

#### अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

बांग्लादेश की यात्रा पर पुनर्विचार करने की दी सलाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश की यात्रा के लिए फिर से परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। इसमें कहा गया कि अशांति, अपराध और आतंकवाद के कारण बांग्लादेश की यात्रा पर पुनर्विचार करें। अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में नागरिकों से सांप्रदायिक हिंसा, अपराध, आतंकवाद, अपहरण और अन्य सुरक्षा जोखिमों के कारण खगराचारी, रंगमती की यात्रा न करने का आग्रह किया गया।

## भाजपा के षड्यंत्र को बेनकाब करना जरूरी : खरगे

### कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर षड्यंत्र करती है और उसकी असलियत को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है।

श्री खरगे ने पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आठ तथा नौ अप्रैल के अहमदाबाद में हुए पार्टी के अधिवेशन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस सत्र में पारित संदेश को जिला, मंडल, ब्लाक और बूथ तक पहुंचना है। कांग्रेस के खिलाफ भाजपा के षड्यंत्रों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आपने गौर किया होगा कि कैसे बड़े षडयंत्र के तहत नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में डाल दिया गया है। पर किसी का भी नाम डाल दें, हम डरनेवाले नहीं है। इसके दो दिन पहले ही नेशनल हेराल्ड की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई की संपत्तियों को अटैच कर दिया गया। इसमें कोई शक नहीं कि यह सब बदले की भावना से किया जा रहा है। 'यंग इंडियन मुनाफा कमाने वाली कंपनी नहीं है। इसका मतलब यह है कि एजेएल के शेयर और संपत्ति या मुनाफा को ना तो कोई ले सकता है और ना ही ट्रांसफर कर सकता है। भाजपा के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हमें जनता को सच बताना होगा।' उन्होंने कहा, यह महज संयोग नही हो सकता कि एक तरफ हमारा कांग्रेस का अहमदाबाद अधिवेशन हो रहा हो और उसके तत्काल बाद ईडी की इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही हो।

> भाजपा के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हमें जनता को सच बताना होगा: **मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



- सोनिया-राहुल पर चार्जशीट बदले की कार्रवाई
- किसी का भी नाम डाल दें, हम डरने वाले नहीं हैं

#### ईडी की कार्रवाई संयोग नहीं है : खरगे

यह महज संयोग नहीं हो सकता कि एक तरफ हमारा एआईसीसी का अहमदाबाद अधिवेशन हो रहा हो और उसके तत्काल बाद ईडी की इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही हो। मैं यहां आपको याद दिला दूं कि मेरे नेतृत्व में जब रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन हुआ था तो पीएम मोदी ने वहां भी उसे फेल करने के लिए हमारे नेताओं के ऊपर ईडी, सीबीआई को लगा कर रेड कराई। उनकी मंशा थी कि सेशन न होने पाए। फिर भी ये हुआ।

## फिर साथ आ सकते हैं ठाकरे बंधु

### एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने दिया संकेत



**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ आ सकते हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को इस बात का संकेत दिया।

राज ठाकरे ने कहा- हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। राज ठाकरे ने कहा कि किसी बड़े मकसद के आगे हमारे बीच की लड़ाइयां छोटी हैं। राज ने शिवसेना में उद्धव को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद 27 नवंबर 2005 को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अपनी पार्टी 'महाराष्ट्र नव निर्माण सेना' बनाई थी। तब दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं रहे।

> महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ में आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है : **राज ठाकरे**

#### उद्धव के साथ काम करने में आपत्ति नहीं थी

राज ने कहा, जब मैं शिवसेना में था तो मुझे उद्धव के साथ काम करने में कोई आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है कि क्या दूसरा व्यक्ति चाहता है कि मैं उसके साथ काम करूं? मैं कभी भी अपने अहंकार को ऐसी छोटी-छोटी बातों में नहीं लाता। इधर उद्धव का भी रिएक्शन आया है, उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था।

## नवीन पटनायक 9वीं बार चुने गए बीजेडी अध्यक्ष

**भुवनेश्वर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को 9वीं बार बीजू जनता दल (बीजेडी) का अध्यक्ष चुना गया है। बीजेडी (एसआरओ) के राज्य रिटर्निंग ऑफिसर ने नवीन पटनायक को 9वीं बार निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। दरअसल, गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राज्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप देब की मौजूदगी में नवीन पटनायक ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। शनिवार को भुवनेश्वर स्थित पार्टी मुख्यालय शंख भवन में नवीन पटनायक के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गई। साल 1997 में बीजेडी के गठन के बाद से ही नवीन पटनायक पार्टी की कमान संभाल रहे हैं।



- 1997 में गठन के बाद से ही संभाल रहे हैं कमान

#### 24 साल में पहली बार विपक्ष की भूमिका

24 साल में पहली बार बीजेडी विपक्ष की भूमिका निभा रही है। बीजेडी विधायक अरुण साहू ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, हमारे नेता ने एक बार फिर पार्टी की कमान संभाली है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा ओडिशा के हितों की लगातार उपेक्षा के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया है। राज्य सरकार ने कई विकास परियोजनाओं को रोक दिया है।

केंद्र सरकार ने किया साफ

## 2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने का विचार नहीं

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा, यह दावा कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है, पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। किसी खास इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल कर की जाने वाली पेमेंट से जुड़े मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे चार्जेस पर लगाया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पीटूएम) यूपीआई ट्रांजैक्शन से 30 दिसंबर, 2019 की गैजेट नोटिफिकेशन के जरिए एमडीआर को हटा दिया है।

**मौसम** *भारत के पूर्वी, उत्तरी व दक्षिणी हिस्से में मौसम के बदल रहे तेवर*

## कई राज्यों में बारिश के साथ आंधी-तूफान की चेतावनी

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में मौसम का तेवर लगातार बदल रहा है। देश के कई राज्यों में मौसम ने अचानक करवट बदल ही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी भी चलेगी। हल्की बूंदाबादी से तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।**

मौसम विभाग के मुताबिक, दो दिनों तक 40-50 किमी/घंटा की गति से हवाएं चलने वाली है, शाम को 60 किमी/घंटा तक बढ़ जाएगी। कई जगह लू चलने की संभावना है। दिल्ली, यूपी, एमपी, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

#### 12 जिलों में येलो अलर्ट

बिहार में गर्मी अब अपना तेवर दिखने लग गई है। आईएमडी के अनुसार, बिहार के 12 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में मेघगर्जन, बारिश और आंधी की संभावना है। सुपौल, अररिया, किशनगंज, पश्चिम चंपारण, मधेपुरा, पूर्णिया, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सहरसा और कटिहार में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है।



बिहार में गर्मी दिखा रही तेवर

पंजाब में ओले, बारिश से फसल बर्बाद

पंजाब और हरियाणा में भी मौसम बदला हुआ है। पंजाब के कई जिलों में आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। खेतों में फसल खराब हो गई। मंडियों में खुले आसमान के नीचे रखा हजारों टन गेहूं भीग गया। आईएमडी ने आंधी और वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। अचानक मौसम खराब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, हरियाणा में मौसम ने करवट ली है। मौसम विभाग ने अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर में बारिश और आंधी का यलो अलर्ट जारी किया है।

# स्पीड से चले तो चालान तय, लेकसिटी में ट्रैफिक पुलिस की हाईटेक निगरानी शुरू

पल पल @ महावीर व्यास

**उदयपुर।** लेकसिटी में बढ़ते सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस ने कमर कस ली है। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब तेज गति से वाहन चलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जयपुर पुलिस मुख्यालय से उदयपुर ट्रैफिक पुलिस को विशेष स्पीडोमीटर उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इनकी मदद से पुलिस अब शहर की व्यस्त सड़कों पर तेज रफ्तार में दौड़ने वाले वाहनों को तुरंत ट्रैक कर ई.चालान जारी करेगी। इस नई व्यवस्था की शुरुआत शनिवार को बीएन यूनिवर्सिटी के बाहर की गई, जहां ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने स्पीडोमीटर लगाकर कई वाहनों की गति जांची और नियम तोड़ने वालों के ई-चालान काटे। यातायात पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई चालक तेज गति से वाहन चलाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि यह कदम जनसुरक्षा के हित में है और शहरवासियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सहयोग करना चाहिए। ट्रैफिक पुलिस का यह नवाचार न सिर्फसड़क हादसों में कमी लाएगा बल्कि लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक भी करेगा। अब समय आ गया है कि वाहन चालक सतर्क हो जाएं, वरना रफ्तार पर लगाम लगाना अब पुलिस के पास तकनीकी रूप से भी मुमकिन हो गया है।







## घर की रसोई में रखा गैस सिलेंडर फटा, छत उड़ी, दीवार टूटी



थाना सर्कल के गोगाथला पंचायत के माली खेडा गांव में आज सुबह 9 बजे एक केलुपोश रसोई घर में गैस सिलेंडर ने आग पकड ली। देखते ही देखते गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस हादसे में केलुपोश छत जलकर गिर गईए वहीं सिलेंडर के फटने से जोरदार धमाका होने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने पानी से दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के दौरान मकान में रहने वाली महिला खेत पर काम कर रही थी जिससे वह बच गई। गोगाथला प्रशासक सरपंच छोगा लाल सालवी के अनुसार गांव के बीच स्थिति भैंरूजी बावजी मन्दिर के पास गांव की बुजुर्ग महिला राजी बाई पत्नी मदनलाल धोबी के केलुपोश मकान में अचानक सिलेंडर धधक गया जिससे रसोई से आग की लपटे उठने लगीं और धुआं ही धुआं हो गया। बाद में ग्रामीण डर गए आग की घटना को लेकर मोहल्लावासी मौके पर पहुंचे ओर आग पर पानी डाल कर बडी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया। हालांकि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। सूचना पर गोगाथला पंचायत के प्रशासक मौके पर पहुंचे जहां पुलिस को सूचना दी। असीराम सिंह राजावत मय जाब्ते के पहुंचे। इस घटना में राजी बाई के घर में रखे प्रेस कपडे जल गए। मकान का गेट जलने व केलुपोश छत के गिरने से करीब 80-90 हजार का नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने पीडिता को आर्थिक मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। आग बुझाने के दौरान अशोक, श्यामलाल वैष्णव, बंशीलाल, डालू, फूलचंद सहित बडी संख्या में मोहल्ले वासी मौजूद रहे। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण मोबाइल से शॉर्ट सर्किट होना बताया गया।

## जानलेवा हमला कर लूट के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार



**राजसमंद।** लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार जेवरात बरामद किए हैं। रेलमगरा थाना इंचार्ज सोनाली शर्मा के अनुसार रेलमगरा थाना सर्कल के बनेडियां गांव में 20 नवम्बर की रात्रि को भेरूलाल गुर्जर पुत्र छगनलाल गुर्जर के मकान में लूट हुई थी। बदमाशों ने घर में घुस कर भेरूलाल की मां चुन्नी बाई के गले से रामनामीए नथ एवं कानों की टोटियां लूटकर सरिये से जानलेवा हमला कर दिया। उनके बेटे लक्षण को भी गंभीर चोटें आई। इस मामले को लेकर रेलमगरा पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने प्रॉडक्शन वारंट के जरिए जिला कारागृह से रतन लाल पुत्र वागा नट, जबरू पुत्र वागा नट व मुकेश पुत्र बालु निवासी वैर पीपरडा थाना राजनगर को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस पूछताछ में आरोपियों वारदात को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जेवरात बरामद किए।

## डॉ. विभा शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय उत्कृष्ट कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार से सम्मानित



**राजसमंद।** सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय, राजसमंद में कार्यरत राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विभा शर्मा को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की ओर से सत्र 2023-24 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय उत्कृष्ट कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन बडोला ने बताया कियह कार्यक्रम राजस्थान के राज्यपाल माननीय हरिभाऊवागडे के मुख्य आतिथ्य एवं उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के आतिथ्य तथा राजस्थान क्षेत्र सेवा प्रमुख शिवलहरी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ । इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के शासन सचिव श्रीमान भानु प्रकाश एटरू, आयुक्त कॉलेज शिक्षा डॉ. ओम प्रकाश बेरवा, राज्य संपर्क अधिकारी एवं राज्य समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत तथा क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना एसपी भटनागर की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। डॉ. विभा शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय उत्कृष्ट कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार प्राप्त करके राजसमन्द जिले का गौरव बढाया।

## एनीकट में डूबने से युवती की मौत

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में एनीकट में गिरने से एक 22 वर्षीय युवती की मौत हो गई। घटना शु वार देर रात की है, जब अंधेरे में पैर फिसलने से युवती एनीकट में जा गिरी। युवती की चीख.पुकार सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और लगभग 15 मिनट की मशक्कत के बाद उसे एनीकट से बाहर निकाला। परिजन तत्काल उसे प्राइवेट वाहन से महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले गए, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान नारायणी पत्नी शिवलाल के रूप में हुई है, जो पारोली थाना क्षेत्र के बागड़ी की निवासी थी। वह छुट्टियों में कोदूकोटा में अपने पिता उदयलाल के घर आई हुई थी। चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखा और संबंधित थाना पुलिस को सूचित किया। सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 25 को

चित्तौडग़ढ़। जिला सेन समाज प्रगतिशील संस्थान की आवश्यक बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी 25 अप्रेल को जिला सेन समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया। श्रीधर सेन ने बताया कि गत वर्ष बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 में 70 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों सहित राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

## बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा एवं राज्य सरकार की अकर्मन्यता को लेकर किया प्रदर्शन

चित्तौडग़ढ़। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा एवं राज्य सरकार की अकर्मन्यता पर राष्ट्रव्यापी आ`ोश प्रदर्शन एवं राष्ट्रपति शासन की मांग हेतु शनिवार को जिला मुख्यालय पर आ`ोश प्रदर्शन, धरना और जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, धार्मिक तुष्टिकरण, हिंसा और बंगाल की ममता सरकार द्वारा दंगाइयों के समर्थन के ख़िलाफ़ व बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए माँग की गई। जिला अध्यक्ष किशन पिछोलिया ने कहा कि ममता सरकार पूरी तरह से तानाशाही रवैया अपनाए हुए है और धार्मिक तुष्टिकरण पर उतर आई है। ऐसी सरकार को तुरंत बर्खास्त कर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए। योगेश दशोरा और मनोज साहू ने कहा कि वक्फ़ क़ानून की आड़ में हिंदुओं पर अत्याचार असहनीय है। जिस क़ानून का हिंदूओ से कोई लेना देना नहीं है, उस क़ानून की आड़ में हिंदूओ को निशाना कब तक बनाया जाएगा। वही वोट बैंक की लालच में बंगाल में लगातार रोहिंग्याओ को बसा कर उनके आधार कार्ड बनाने का काम ममता सरकार कर रही है। इसलिए देश हित में ममता सरकार को बर्खास्त करना आवश्यक हो गया है। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता और सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। जिला मंत्री शेखर सोनी ने राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन का वाचन किया। इस दौरान हरीश गुरनानी, लादू लाल, दर्शन चतुर्वेदी, कमल जैन, नविन वर्डिया, बृजेश मोदानी, राजेश खण्डेलवाल, राकेश मंत्री, सतपाल दुआ, लता पांड्या आदि उपस्थित रहे।

## गुजरात में बनेगा प्लान, राजस्थान में 'चक्रव्यूह रचना' अलग लेवल की रणनीति तैयार कर रही भाजपा



**जयपुर।** राजस्थान में आगामी नगरीय और पंचायत राज चुनावों को लेकर हलचल शुरू हो गई है। आगामी चुनावों में बाजी करने के लिए बेताब बीजेपी अपने एक्शन प्लान में जुट गई है। पहली बार बीजेपी अपने चुनाव के प्लान पर चिंतन के लिए राजस्थान से बाहर रणनीति तैयार करने जा रही है। बताया जा रहा है कि 5 से 7 मई तक अहमदाबाद में भजनलाल सरकार के विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सुविधा आयोजित होगा। इस शिविर में आगामी चुनावों को लेकर 'चक्रव्यूह रचना' तैयार की जाएगी। साथ ही विधायकों को संगठनात्मक, कौशल, सुशासन, जन सेवा और नीति निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**राजस्थान के बाहर तैयार करेगी बीजेपी अपनी रणनीति**

भजनलाल सरकार ने इस बार चुनावों को लेकर अपनी कमर कस ली है। इस बार बीजेपी राजस्थान से बाहर जाकर रणनीति तैयार कर रही है। इसको लेकर गुजरात के अहमदाबाद में तीन दिवसीय शिविर इस नीति का एक हिस्सा है, जहां विधायक को से आगामी चुनाव को लेकर पूरा फीडबैक लिया जाएगा। साथ ही आगे की क्या रणनीति होगी? इस पर पूरा एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

**प्रशिक्षण शिविर में चुनावी एजेंडे पर रहेगा मुख्य फोकस**

अहमदाबाद में आयोजित होने वाले बीजेपी विधायकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस शिविर में आगामी चुनाव के एजेंडे को लेकर विशेष फोकस रहेगा। पंचायत राज चुनाव में बीजेपी गांवों-गांवों में अपनी पकड मजबूत करने के लिए इस शिविर में अपनी रणनीति तैयार करेगी। इस दौरान चुनाव को लेकर सभी विधायकों से क्षेत्र का पूरा फीडबैक लिया जाएगा। इसी के आधार पर चुनाव जीतने का पूरा मैप तैयार किया जाएगा।

**विधायकों को शिविर में यह मिलेगा प्रशिक्षण**

अहमदाबाद में होने इस शिविर में विधायकों को संगठनात्मक कौशल, सुशासन, जनसेवा और नीति-निर्धारण जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही शिविर में पार्टी के वरिष्ठ नेता, नीति विशेषज्ञ और अनुभवी प्रशासक विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे। इस दौरान पंचायत चुनावों की तैयारी, बजट सत्र की रणनीति और ग्रामीण स्तर पर जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना पर भी चर्चा होगी।

## शहीद प्रकाश की 14वीं पुण्यतिथि विशाल पुष्पांजलि अर्पित की

पल पल राजस्थान



**उदयपुर।** शहर के साइफन स्थित शहीद प्रकाश चौराहा पर अमर शहीद प्रकाश समिति उदयपुर द्वारा शहीद प्रकाश की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन में शहर के प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक नेताओं ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। लेकिन एक सवाल सभी के मन में था - शहीद प्रकाश की मूर्ति आखिर कब स्थापित होगी? मुख्य अतिथि प्रमोद सामर ने शहीद प्रकाश के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनकी वजह से आज हम अपने देश की सीमाओं में सुरक्षित महसूस करते हैं। वहींए गजपाल सिंह राठौड़ ने भी शहीद प्रकाश के योगदान को सराहा और कहा कि उनके बलिदान से उदयपुर शहर का नाम रोशन हुआ है। लेकिन एक सवाल जो हर वक्ता ने उठाया, वह था, शहीद की मूर्ति की स्थापना का, समिति के अध्यक्ष इंजीनियर शैलेंदर चौहान ने इस अवसर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद का पैकेज तो मिला, लेकिन आज तक विद्यालय और चिकित्सालय का नामकरण शहीद प्रकाश के नाम से नहीं हुआ। इसके अलावा 14 साल बीत चुके हैं और शहीद की मूर्ति तक स्थापित नहीं की गई है। यह बात सच है कि हर बार पुण्यतिथि पर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए नेता आते हैं, लेकिन असल सवाल यह है कि शहीद के सम्मान में क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं? एक ओर जहां उनके बलिदान को हमेशा याद किया जाता है, वहीं उनके लिए बनाई जाने वाली मूर्ति सिर्फ वादों तक सीमित रह जाती है। आज भी शहीद प्रकाश के परिवार और समाज के लोग उनकी मूर्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हर साल नेता भाषण देते है, लेकिन मूर्ति की स्थापना का सवाल हमेशा अनुत्तरित रहता है। क्या यह सिर्फ वादा ही बनकर रह जाएगा या इस बार शहीद के सम्मान में ठोस कदम उठाए जाएंगे? यह सवाल आज भी हर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले हर व्यक्ति के मन में गूंजता है।समाज का यह सवाल लाजमी है । क्या शहीद के बलिदान को सिर्फ भाषणों में श्रद्धांजलि देकर चुप कर दिया जाएगा, या उनकी वास्तविक श्रद्धांजलि उनके नाम पर मूर्ति स्थापित करने के रूप में होगी? समाज के लोग चाहते हैं कि अब केवल वादे नहीं, बल्कि कार्य भी हो। शहीद प्रकाश की मूर्ति की स्थापना और उनके नाम पर विद्यालय तथा चिकित्सालय का नामकरण शहीद के वास्तविक सम्मान का प्रतीक बनेगा।

## शादी में पेड़ वितरित कर दिया पर्यावरण का संदेश

पल पल राजस्थान



**उदयपुर।** भविष्य बचाने के लिए पेड़-पौधों का होना बेहद जरूरी है। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए उदयपुर में नवदंपति के विवाह समारोह में शहर के हवेली परिवार के सदस्यों ने पेड़ पौधे वितरित किए। दरअसल उदयपुर के युवा पत्रकार सुनील पंडित की शादी उदयपुर की ही रहने वाली ऋचा शर्मा के साथ हुई। शहर के हिरण मगरी सेक्टर 09 में दोनों के विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इसमें शहर के कई प्रतिष्ठित लोगों ने शिरकत की। इस दौरान मेहमानों को रिटर्न गिफ्ट के तौर पर पौधे वितरित किए गए। साथ ही आने वाले मेहमानों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। हवेली परिवार के प्रद्युमन सिंह राठौड़ ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में गेट के पास ही एक विशेष काउंटर लगाया गया और मेहमानों को 100 से अधिक पौधे वितरित किए गए। विवाह समारोह की शुरुआत में जहाँ रिश्तेदार और मेहमान स्नेह भोज का लुत्फउठा रहे थे वहीं दूसरी ओर हवेली परिवार के सदस्य समारोह में आने वाले लोगों को पौधे भेंट कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ धरियावद एसीजेएम सरफराज नवाज ने की। उन्होंने विवाह समारोह में इस अनूठे कार्यक्रम की सराहना की और पर्यावरण बचाने के लिए आम व्यक्ति को आगे आने का आह्वान किया। इस समारोह में हवेली परिवार के मनोज शर्मा, राजवीर सिंह, भानु प्रताप सिंह, उपस्थित रहे।

## आमजन को परिंडे बांटे

उदयपुर। गर्मी के दौर में राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर का पक्षियों की सेवा के लिए परिंडे लगाने का अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। संस्थान के संरक्षक दिनेश कोठारी ने बताया कि राजस्थान समाज सेवा संस्थान की टीम द्वारा शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से परिंडे लगाने का अभियान शनिवार को भी जारी रहा। संस्थान ने फ्तहसागर की पाल और पार्कों में भी परिंडे लगाए है। यहां पक्षी प्रेमियों ने नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली है। संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि शनिवार को बड़गांव और फ्तहपुरा क्षेत्र में पक्षी प्रेमियों को निशुल्क परिंडे वितरित किए गए। परिंडे उसी जगह लगाए जा रहे है जहां नियमित रूप से पानी भरने की व्यवस्था भी हो।

## नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 अप्रेल से

उदयपुर। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शाला क्रीडा संगम योजना के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय फ्तह उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 अप्रेल से किया जाएगा। संस्था प्रधान चेतन पानेरी ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में संचालित शाला क्रीडा संगम केंद्र में बास्केटबॉल, हैंडबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती, एथेलेटिक्स, जूडो, तीरंदाजी, हॉकी, जिम्नास्टिक और वॉलीबाल खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा इस प्रशिक्षण में सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के खिलाडी भाग ले सकेंगे ।

## कलेक्ट्री पर हिन्दु समुदाय ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

उदयपुर। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हिंदू समुदाय पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में शनिवार को हिन्दू जागरण मंच द्वारा जिला कलेक्ट्री के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की तथा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार हिंदू समाज के साथ भेदभाव कर रही है और हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफ्ल रही है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर जल्द ही इस विषय पर ठोस कार्रवाई नहीं हुईए तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि वहां रहने वाले हिंदुओं की जान.माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

## पानी की टंकियों का किया वितरण

उदयपुर। डॉ. छाबड़िया ने बताया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए क्लब द्वारा विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे और पानी की टंकियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त शहर की चार ऐतिहासिक बावड़ियों को क्लब ने 'एडॉप्ट' किया है, जिनकी सफाई और संरक्षण का कार्य सक्रिय रूप से किया जा रहा है। क्लब की ओर से महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। कुछ महिलाओं को स्कूटी और कार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है। डॉ. छाबड़िया ने बताया कि आने वाले समय में 100 महिलाओं को नि:शुल्क कार और बाइक चलाना सिखाया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा किए और सामाजिक सरोकार से जुड़े नए प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की। रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि द्वारा किए जा रहे ये प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल माने जा रहे हैं।

## नवां नंद चतुर्वेदी स्मृति व्याख्यान सोमवार को

**उदयपुर।** नंद बाबू से प्रसिद्ध उदयपुर के कवि स्वर्गीय नंद चतुर्वेदी की स्मृति में नवां व्याख्यान 21 अप्रेल को कोटा खुला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र पर आयोजित होगा। नंद चतुर्वेदी फाउंडेशन के अरूण चतुर्वेदी व अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि दिल्ली के प्रसिद्ध कवि.कथाकार विष्णु नागर श्हमारे समय में लेखन विषयश् पर मुख्य वक्तव्य देंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन राय नागर विवि की पूर्व कुलपति प्रो दिव्यप्रभा नागर करेंगी। रश्मि बोहरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नंद बाबू की कविताओं की बांग्ला में अनुवादित पुस्तक 'शिशिरेर सेई दिन' का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने सीखा अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव का तरिका

चित्तौडगढ़। नगर परिषद के अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत, ऐम एकेडमी के विद्यार्थियों ने अग्नि दुर्घटनाओं में स्वयं और दूसरों का बचाव करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फायरमैन देवेंद्र कुमार मेनारिया ने अग्निशमन उपकरणों के उपयोग और आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा के तरीकों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया।

# वी.सतीश बोले, संसदीय संकुल विकास परियोजना से लोकल रिसोर्स, लोकल टेलेन्ट और लोकल मार्केट विकसित होगा

**उदयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संघटक वी.सतीश ने कहा कि आजादी के बाद से उपेक्षित रहे जनजातीय क्षेत्र में लोकल रिसोर्स, लोकल टेलेन्ट और लोकल मार्केट को विकसित करने के उद्देश्य को लेकर संसदीय संकुल विकास परियोजना की परिकल्पना भाजपा द्वारा की गई है। इस परियोजना से जनजाति क्षेत्र में हो रहे पलायन को रोक कर गांव के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके रोजगार के साधन विकसित किए जा रहे हैं। वी. सतीश शनिवार को यहां सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बप्पा रावल सभागार में उदयपुर संसदीय संकुल विकास परियोजना के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से जनजाति क्षेत्र और वहां के लोगों का जीवन



उपर उठाने के लिए योजनाबद्द तरीके से काम हो रहा है। आजादी से पहले अंग्रेजों ने और उसके बाद की कांग्रेस की सरकारों ने देश के जनजाति समाज को लेकर कई गलत धारणाएं बनाई। उन्हें अशिक्षित मानकर विकास की मुख्य धारा से दूर रखा। नेहरुजी रूस से पंचवर्षीय योजना कॉपी करके लेकर आए जिसमें योजना दिल्ली में बनती थी और उसके फंड के लिए राज्य सरकारों को मिन्नतें करनी पडती थी। भाजपा शासन में अटलजी ने जनजाति के समग्र विकास लिए भारत सरकार में 1999 में अलग से मंत्रालय और संविधानिक हक.रक्षा हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग बनाकर जनजाति विकास की एक नई नींव रखी। इसके बाद नरेंद्र मोदी की सरकार ने विकसित भारत की सोच रखी, जो नए भारत की एक राह बनेगी। उन्होंने संकुल परियोजना को सफ्ल बनाने के लिए एक महीने या दो महीने की कार्ययोजना व दीर्घकालीन बदलाव के लिए डीपीआर बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि अधिकारियों के साथ बैठक कर ऐसी छोटी-छोटी योजनाओं पर काम करें जो जनजाति क्षेत्र के लिए बनी है, लेकिन लोगों की जानकारी में नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए बडी बडी राशि अधिकारी बताते हैं, लेकिन मौके पर कोई काम नहीं मिलता। इसको रोकने के लिए ही संकुल परियोजना लाई गई हैए ताकि अधिकारी और नेता दोनों जिम्मेदार बने। उन्होंने संकुल परियोजना में चयनित गांवों के लोगों से भी आह्वान किया कि वे भी इसमें सहयोगी बने और अपने गांव का चेहरा बदलने का मानस बनाए। उन्होंने कहा कि देश में उदयपुर ऐसा संसदीय क्षेत्र बन गया है जहां इस परियोजना का शुभारंभ को इतने बडे स्तर पर किया गया है। इसके लिए सांसद मन्नालाल रावत के प्रयास सराहनीय है। जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा कि जनजाति लोगों का पलायन रोककर उन्हें स्थानीय स्तर पर ही रोजगार दिए जाएंगे। इसके लिए जनजाति विकास विभाग की योजनाओं को भी लागू किया जाएगा। निजी कंपनियों के सीएसआर का पैसा भी उपयोगी जगहों पर लगे ऐसा प्रयास करना होगा। गुजरात डेयरी उत्पाद में इसीलिए आगे बढा क्योंकि उन्होंने स्थानीय स्तर पर इसके लिए खूब मेहनत की। कार्यक्रम आयोजक सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने पीपीटी के जरिए बताया कि उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 2 संकुल का चयन किया गया है। पहला उदयपुर जिले में देवासए झाडोल जिसे राणा पूंजा संकुल नाम दिया है तथा दूसरा सलूम्बर जिले का चावंड है, जिसे महाराणा प्रताप संकुल नाम दिया है। उक्त संकुलों में चयनित ग्राम समूहों में विभिन्न विकास कार्य जैसे आधुनिक एवं प्राकृतिक कृषि एवं वन आधारित उत्पादों, पशुपालन, कौशल विकास, मत्स्य पालन, सिंचाई, जलग्रहण इत्यादि के माध्यम से आजीविका को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने भी इस परियोजना को जनजाति के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने बताया डूंगरपुर.बांसवाडा संसदीय क्षेत्र में भी इस परियोजना का शुभारंभ जल्द होगा। कार्यक्रम में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया व शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड ने सभी आमंत्रित अतिथियों का धन्यवाद किया। महामंत्री दीपक शर्मा ने अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया।

## शंकर डांगी की हत्या से फैली सनसनी, परिजनों ने किया हंगामा

उदयपुर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयसागर झील के पास स्थित एक गार्डन में शनिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कुराबड़ थाना क्षेत्र के छोटा गुड़ा निवासी शंकर डांगी के रूप में हुई है। गांव के लोगों के अनुसार, शव की स्थिति अत्यंत भयावह थी। युवक के सिर पर धारदार हथियार से किए गए कई गंभीर घाव मिले हैं। इतना ही नहीं, हमलावरों ने क्रूरता की हद पार करते हुए घावों पर मिर्च डालकर उसे तड़पाया। प्रथम दृष्टया मामला बेरहमी से की गई हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को महाराणा भूपाल चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। वहां पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और मृतक के परिवार को मुआवजा एवं उसकी पत्नी को नौकरी देने की मांग रखी। पुलिस और प्रशासन के साथ हुई प्रारंभिक वार्ता असफ्ल रही। इसके बाद मावली विधायक पुष्कर डांगी और वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी मोर्चरी पहुंचे और प्रशासन से बातचीत की। लंबी चर्चा के बाद मृतक की पत्नी को संविदा पर नौकरी देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के लिए सहमति दी। फिलहाल, हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम गठित कर दी है, जो सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## सनातन संस्कृति की विरासत परमार्थ : खराड़ी

**उदयपुर** । जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि भारतीय जीवन पद्धति में संस्कारों का बड़ा महत्व है और इन संस्कारों में भी परमार्थ सर्वोपरि है। यह बात उन्होंने शनिवार को नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में निशुल्क दिव्यांग चिकित्सा शिविर के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम सनातन संस्कृति की विरासत है, जिसे बनाए रखते हुए हमें देश के विकास में योगदान देना है। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अपील की कि वे दिव्यांगों एवं समाज के कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण में आगे आएं। अध्यक्षता करते हुए शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि



एक समय था जब विकलांग को अभिशप्त माना जाता थाए लेकिन सरकार और समाज के सम्मिलित प्रयासों से अब विकलांग दिव्यांग रूप में समाज की मुख्यधारा के साथ परिवार और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा हैए उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के सशक्तिकरण की दिशा में नारायण सेवा संस्थान पिछले 35 वर्षों से महत्वपूर्ण काम कर रहा है। इस संस्था की शुरुआत हर घर से एक मुट्ठी आटा इकट्ठा करने के साथ हुई थी। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि खेरवाड़ा के पूर्व विधायक नानालाल अहारी, भाजपा एससी मोर्चा की जिलाध्यक्ष पम्मी पहाड़िया, भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ. सोनिका जैन, देहात जिला मंत्री भंवर भट्ट, समाजसेवी तुषार मेहता, अनिल अग्रवाल और अनिल हरकावत ने सर्जरी के लिए भर्ती दिव्यांगों से मुलाकात के साथ ही उन्हें फल, व्हीलचेयर एवं नारायण कृत्रिम अंग वितरित किए। आरंभ में संस्थान के संस्थापक चेयरमैन कैलाश 'मानव' एवं अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने मेवाड़ी पाग, उपरणा व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अतिथियों का अभिनंदन किया। ट्रस्टी निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने संस्थान की 40 वर्षीय सेवा यात्रा की जानकारी दी ।

## जयकारों के साथ मंदिर में ऋषभदेव भगवान की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

उदयपुर। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में सवीना स्थित पार्श्वनाथ तीर्थ में शनिवार को तपस्वीरत्न आचार्य भगवंत पद्म भूषण रत्न सुरिश्वर महाराज, साध्वी भगवंत कीर्तिरेखा महाराज आदि ठाणा की निश्रा में ऋषभदेव भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि सवीना में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व आयड़ तीर्थ से सुबह 7 बजे ऋषभदेव भगवान की प्रतिमा को गाजे.बाजे के साथ सवीना पार्श्वनाथ मंदिर ले जाया गया। जहां भगवान की प्रतिमा का अंजनशलाका किया गया। उसके बाद परमात्मा का गर्भगृह में प्रवेश अक्षत के द्वारा बधाकर किया गया। शुभ मुर्हूत के समय में तोरण बांधना तथा माणक स्तंभ की स्थापना की गई। इस अवसर आचार्य पद्म भूषण रत्न सुरिश्वर महाराज द्वारा भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। सवीना तीर्थ के मूल भूमि तल पर ऋषभदेव प्रभु का विशाल प्रतिमा की प्रतिष्ठा विद्वान नागेश्वर भाई द्वारा



शांतिधारा पाठ का विधान किया गया। इस दौरान मंदिर में मौजूद श्रावक.श्राविकाओं ने जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। साथ ही विभिन्न भक्ति गीतों के साथ झुमकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पलों को जीवन में उतारा। प्रतिष्ठा के बाद आचार्य पद्म भूषण रत्न सुरिश्वर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रभु की मंदिर में स्थापना की तरह मन के मंदिर में भी स्थापना करनी चाहिए। प्रभु को ह्रदय में स्थापित करने से अंदर रहे हुए दोष समाप्त होते है तथा गुणों का विकास होता है। इस जगत में वास्तविक शरण प्रदान करने वाले एक मात्र वीतराग परमात्मा है। जिसमें न तो राग है न द्वेष है। इस अवसर पर प्रतिमा विराजमान कर्ता जुठमल-रेशमी देवी बाफना, भेरूलाल, मांगीलाल, प्रवीण बाफना बालोतरा-जोधपुर का अनुमोदना करते हुए आगे भी ऐसे सत्कार्य करने की प्रेरणा दी। उसके बाद लाभार्थी परिवार का श्री जैन श्वेताम्बर महासभा द्वारा मेवाड़ी पगड़ी, उपरणा, माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

### उदयपुर में रोडवेजकर्मी के बेटे से मारपीट का आरोप

## मां बोली, पहले कोर्ट फिर अस्पताल बुलाया, पुलिस बोली, लूट की योजना बनाते पकडा

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में युवक को मां ने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। युवक की मां ने आरोप लगाया कि पुलिस बेटे को लेकर गई मारपीट की और उसके बाद बेटे को अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत गंभीर हैं। मां ने आरोप लगाया कि बेटे के शरीर पर चोटें हैं और मेरे इकलौते बेटे की जान खतरे में है। खेरवाड़ा टोल प्लाजा के आगे बंजारिया गांव निवासी मां लीलादेवी ने बताया कि उनके बेटे अभिषेक मीणा को पुलिस 17 अप्रैल को थाने लेकर गई। उसके 19 साल के बेटे अभिषेक को थाने ले जाने की सूचना तक पुलिस ने नहीं दी। मां ने कहा कि उसको जानकारी मिली कि उसी रात को पुलिस खेरवाड़ा में निजी अस्पताल में बेटे को लेकर गई जहां पर डॉक्टरों ने पुलिस को उसे उदयपुर ले जाने को कहा।



बाद में पुलिस बेटे को उदयपुर के सरकारी अस्पताल में लेकर गई। मां ने बताया कि उसके पास 18 अप्रैल को पुलिस की तरफ से फोन आया कि आपके बेटे को उदयपुर कोर्ट में पेश कर रहे हैंए आप कहां हो। उन्होंने कहा कि उदयपुर ही हूं। पुलिस ने कहा जल्दी कोर्ट आ जाओ। इस बीच 10 मिनट बाद वापस कॉल आता है कि आप एमबी अस्पताल के इमरजेंसी में आ जाओ बेटे को यहां भर्ती कराया है उसकी तबीयत खराब हो गई। खेरवाड़ा थानाधिकारी दलपत सिंह राठौड़ ने बताया कि अभिषेक को लूट की योजना के मामले में गिरफ्तार किया है, उसके साथ अन्य साथियों को भी पकड़ा है। वे कहते है कि अभिषेक के मस्तिक फीवर की वजह से उसकी तबियत बिगड़ी है। डॉक्टरों ने भी यहीं बताया। मां ने बताया कि वह अस्पताल गई और देखा कि बेटे के शरीर पर जगह-जगह चोट आई हुई थी। उसके पैरों में और कान पर खून आ रहा था। हाथ सूज गया। गले में सूजन थी और कई जगह निशान थे। मां ने आरोप लगाया कि बेटे के साथ मारपीट की गई है। मां ने बताया कि जब उसने पुलिसकर्मियों से सवाल किए कि बेटा बोल क्यों नहीं रहा तो पुलिस ने कहा कि इसने नशा कर रखा है, मां ने बोला कि मेरा बेटा कोई नशा नहीं करता है। मां ने बताया कि 2008 में इसके पापा की मौत हो गई तब यह 2 साल का था और आज मेरा इकलौता बेटा अस्पताल में भर्ती है। उसने कहा कि मेरे बेटे ने किसी की जान थोड़े ही ली है जो उसकी यह दशा कर दी। मृतक आश्रित के रूप में उदयपुर रोडवेज डिपो पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत मां लीला कहती है कि आज भी पुलिस उसे बेटे को नहीं मिलने दे रही है।

## पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ऑन्को सर्जरी विभाग ने पार किया 1500 सर्जरी का आंकड़ा

**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ऑन्को सर्जरी विभाग ने बिगत पांच वर्षो में 1500 से अधिक सफ्ल कैंसर सर्जरी कर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,पेसिफ्कि मेडिकल विश्वविद्यालय के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल,पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.उम्मेद सिंह परिहार,सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एच. पी.गुप्ता,ऑन्कोसर्जन डॉ.सौरभ शर्मा ने हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया। इस दौरान ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल ने कहा कि पीएमसीएच



मे पिछले पाँच वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे कि ब्रेस्ट कैंसर, ओरल कैंसर, थायरॉयड,गायनिक कैंसर एवं अन्य कैंसर की जटिल सर्जरियाँ सफ्लतापूर्वक की हैं। एंड भी लिख दो इस अवसर पर ऑन्कोसर्जन डॉ.सौरभ शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे पूरे टीम के अथक प्रयासों और मरीजों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज समय पर और सही तरीके से हो तो मरीजों को एक नया जीवन मिल सकता है। हम आगे भी अत्याधुनिक तकनीक और मानवीय सेवा भावना के साथ कार्य करते रहेंगे।

इस मौके पर सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ.आर.के.पालीवाल, गेस्ट्रोसर्जन डॉ. वीकेश जोशी,बाल एवं नवजात शिशू सर्जन डॉ. प्रवीण झंवर,एनेस्थीसिया टीम,नर्सिंग स्टाफऔर अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## जल सेवा महान् सेवा, एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन समाज सेवा में लगा रहे : डॉ. मिश्रा

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ सुनीता मिश्रा ने कहा कि जल सेवा एक महान सेवा है। जल के बिना सब कुछ अधूरा है। एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन ने डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग को वाटर कूलर व आरओ प्लांट भेंट कर एक ऐसा सेवा कार्य किया है जो हमेशा याद रखा जाएगा। कुलपति डॉ. मिश्रा शुक्रवार को यहां सुखाडिया विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग में वाटर कूलर व आरओ प्लांट के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि आज के वक्त में जल का बहुत ज्यादा महत्व है। जल के बिना हमारा शरीर भी कुछ नहीं है। एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से वाटर कूलर व आरओ लगाए जाने से यहां सिलाई सीखने के लिए आने वाली लडकियों और महिलाओं को भी बहुत सुविधा मिलेगी। इस मौके पर उन्होंने एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी का आभार जताया और विश्वास व्यक्त किया कि वे इसी तरह समाज सेवा में लगे रहेंगे। कुलपति ने विभागाध्यक्ष डॉली मोगरा द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी खुशी जताई और कहा कि परिसर में ही खाली पडे दो भवन भी विभाग को दिए जाएंगे जिससे और ज्यादा महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण मिल सके। इस अवसर पर डीन मदनसिंह राठौड ने भी वाटर कूलर व आरओ प्लांट के लिए एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग को और बेहतर बनाने के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही नए भवन मिलने से सुविधाएं बढ जाएंगी। एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक आकाश बागडी ने कहा कि संगठन बेटी बचाओ.बेटी पढाओ का मिशन लेकर आगे बढ रहा है। इसके लिए जो भी उनकी ओर से किया जा सकता है वे कर रहे हैं। कार्यक्रम में कुलपति डॉ सुनीता मिश्रा ने फीता खोलकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉली मोगरा व रेखा पुरोहित ने अतिथियों का स्वागत किया।

# हम हिंदी थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव

■ **महाराष्ट्र में भाषा विवाद पर बोले शिवसेना यूबीटी प्रमुख**

**मुंबई,** महाराष्ट्र में नई शिक्षा नीति को लेकर जारी विवाद के बीच शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को जबरन लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि उन्हें हिंदी भाषा से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसका ज़बरदस्ती थोपना ठीक नहीं है। मुंबई में भारतीय कामगार सेना के एक कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें हिंदी भाषा से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसे जबरन पढ़ाने का फैसला सही नहीं है। ठाकरे ने कहा कि हमें हिंदी से कोई परहेज नहीं है, लेकिन इसे स्कूलों में जबरन क्यों पढ़ाया जा रहा है। यह भाषा की बात नहीं, बल्कि जबरदस्ती की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र की मातृभाषा मराठी है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे बच्चों पर क्यों थोपा जा रहा है। महाराष्ट्र की अपनी मातृभाषा मराठी है और उसे सबसे पहले प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

**एकनाथ शिंदे पर साधा निशाना**

ठाकरे ने आगे कहा कि जो महाराष्ट्र में रहना चाहता है, उसे जय महाराष्ट्र कहना चाहिए और मराठी भाषा सीखनी चाहिए। उन्होंने एकनाथ शिंदे और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग मराठी के साथ अन्याय कर रहे हैं, वे बाल ठाकरे की विरासत के वारिस नहीं हो सकते। बता दें कि ठाकरे के इस बयान को राज्य सरकार के उस फैसले से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा के तौर पर पढ़ाने की बात कही गई थी।

इस फैसले का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। उद्धव ठाकरे ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से मराठी भाषा, संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए एकजुट रहने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर किसी तरह की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गर्माहट अपने चरम पर है। इसी बीच एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को जल्दबाजी में लागू करना ठीक नहीं है और अगर इससे मराठी भाषा को नुकसान होता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने राज्य सरकार के उस फैसले पर नाराज़गी जताई, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में मराठी ही लोगों की मातृभाषा है और उसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने आगे कहा कि अन्य भाषाएं सीखने का विकल्प दिया जाना चाहिए, लेकिन कोई भाषा जबरन थोपना सही नहीं। पहले हमें राज्य में शिक्षा व्यवस्था की बुनियादी समस्याओं पर बात करनी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि अगर राज्य बोर्ड को हटाकर सीबीएसई को लागू किया जा रहा है, तो इसकी जरूरत क्या है? सुले ने आगे चेताया कि नई शिक्षा नीति को लागू करने की जल्दीबाज़ी छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।




महाराष्ट्र की मातृभाषा मराठी है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे बच्चों पर क्यों थोपा जा रहा है : उद्धव ठाकर

## हिंदी को अनिवार्य करना बच्चों पर बोझ : हुसैन दलवई



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली से पांचवीं क... अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किए जाने के फैसले को कांग्रेस के पूर्व सांसद हुसैन दलवई ने बच्चों पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला और अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पहले से ही अंग्रेजी और मराठी की पढ़ाई हो रही है, ऐसे में हिंदी को अनिवार्य कर देना छोटे बच्चों पर अनावश्यक दबाव है। उन्होंने कहा कि जब वे खुद राज्य सरकार में मंत्री थे, तब अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया था, क्योंकि मराठी माध्यम के स्ककूलों की संख्या में कमी आ रही थी और अंग्रेजी शिक्षा की मांग बढ़ रही थी। अब हिंदी को जबरन थोप देना एक गलत फैसला है, जो बच्चों की शिक्षा पर असर डालेगा। दलवई ने कहा कि हिंदी और मराठी की लिपि एक जैसी होने के कारण हिंदी सीखना कठिन नहीं है, लेकिन बचपन में इसे जबरदस्ती थोपना उचित नहीं है।

## रांची में वायु सेना ने दिए हैरतअंगेज करतब

**रांची,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची के लोगों ने पहली बार नामकुम स्थित खोजा टोली आर्मी भर्ती मैदान में शनिवार को एयर शो देखा। वायु सेना की सूर्य किरण टीम हॉक एयरक्राफ्ट के साथ आसमान को चीरते हुए करतब दिखाए। टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। कभी विमान नीचे आता तो कभी ऊंचे आसमान में चला जा रहा था। तिरंगा धुंआ छोड़ते हुए एयरक्राफ्ट लगातार एक घंटे तक उड़ता ही रहा। इन हैरतअंगेज करतब देख कर



लोग हैरान रह गए। एयर शो में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, वायुसेना के एयर मार्शल एपी सिंह के अलावा राजनीतिक और प्रशासनिक पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे।

एयर शो के हर करतब को लोग अपने मोबाइल में कैद करने में लगे रहे। एयर शो को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मैदान के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई थी और बैरिकेडिंग के बाहर चारों ओर दर्शकों की भीड़ लगी थी।सभा स्थल पर अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया।

# छग के एनएएन घोटाले की जांच सीबीआई के हवाले

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों और छत्तीसगढ़ के एक पूर्व राज्य महाधिवक्ता द्वारा कथित नागरिक पूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले की जांच को प्रभावित करने के लिए अपने पदों का दुरुपयोग करने के आरोपों की जांच अपने हाथ में ले ली है। यह घोटाला पहली बार 2015 में प्रकाश में आया था। सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला तथा पूर्व महाधिवक्ता (एजी) सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ मामला पिछले साल छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने दर्ज किया था और बाद में राज्य सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की एफआईआर 16 अप्रैल को दर्ज की गई थी। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अनुसार, शुक्ला और टुटेजा ने छत्तीसगढ़ सरकार में लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए कथित रूप से अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया। एफआईआर में कहा गया है कि यह सार्वजनिक कर्तव्यों के प्रदर्शन को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के इरादे से किया गया था। तीनों पर राज्य आर्थिक अपराध जांच ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों से संबंधित आधिकारिक दस्तावेजों और प्रक्रियात्मक सूचनाओं को बदलने की साजिश रचने का आरोप है। कथित तौर पर ये बदलाव सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन मामले (एपी00 09/2015) के संबंध में उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जवाबों की सामग्री में हेरफेर करने के लिए किए गए थे, ताकि आरोपियों के पक्ष में काम किया जा सके। इसमें कहा गया है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि उन्हें अग्रिम जमानत का लाभ मिल सके। कथित घोटाला छत्तीसगढ़ की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए नोडल एजेंसी एनएएन द्वारा घटिया चावल और नमक की खरीद से संबंधित है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जिन 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उनमें ये दोनों अधिकारी भी शामिल हैं।




■ पहली बार 2015 में प्रकाश में आया था यह घोटाला

## सार संक्षेप

### जगदीप धनखड़ ने दीं ईस्टर की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर ईसाई समुदाय सहित समस्त नागरिकों को शुभकामनाएं दीं हैं। धनखड़ ने शनिवार को ईस्टर की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में कहा कि ईस्टर यीशु मसीह के पुनरुत्थान के माध्यम से आशा और नवीनीकरण का प्रतीक है। करुणा, क्षमा और सेवा की उनकी शाश्वत शिक्षाएं हमें एक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने कहा कि इस ईस्टर रविवार के अवसर पर, मैं भारत भर के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं,

### कश्मीर में भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। भूकंप से जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके कश्मीर के कई हिस्सों में महसूस किए गए।

### ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकार रतिकांत मोहंती का निधन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकार रतिकांत मोहंती का शनिवार को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 70 साल के थे। मोहंती के परिवार उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो पुत्रियां हैं। वह गुर्दे संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे। उनके आवास पर कई पत्रकारों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मोहंती श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पत्रकार जगत में एशियन एज, हिंदुस्तान समाचार, ओडिया दैनिक पर्यवेक्षक और दीनालिपि के लिए काम किया था। उनके निधन से ओडिया पत्रकारिता के क्षेत्र में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मोहंती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। माझी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार रतिकांत मोहंती के निधन की खबर सुनकर मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं।

### तेलंगाना में कार पलटने से दो की मौत

**गडवाल/तेलंगाना।** शुक्रवार आधी रात को गडवाल (तेलंगाना) जिले के इतिक्याल मंडल में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना तब हुई जब वे हैदराबाद, तेलंगाना से आंध्र प्रदेश के नंद्याल जा रहे थे। घायलों को इलाज के लिए कर्नूल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान पी पुल्लारेड्डी और लक्ष्मी सुब्बम्मा के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने बंगलादेश में हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि भारत सरकार मामले को प्राथमिकता से उठाए और बंगलादेश से बात कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए दबाव बनाए। पार्टी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा, कांग्रेस बंगलादेश के दिनाजपुर में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूर हत्या की कड़ी निंदा करती है। अपहरण और हमले के कारण उनकी दुखद मृत्यु इस क्षेत्र में धार्मिक अल्पसंख्यकों में बढ़ती असुरक्षा की भावना की एक भयावह याद दिलाती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा, यह कोई अकेली घटना नहीं है।

पिछले कुछ महीनों में बंगलादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों की कई और बेहद परेशान करने वाली घटनाएं हुई हैं, जिनमें हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने से लेकर अल्पसंख्यकों के घरों और व्यवसायों पर लक्षित हमले शामिल हैं। धमकी और क्रूरता के इस पैटर्न को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पार्टी भारत सरकार से आग्रह करती है कि वह इस मामले को सर्वोच्च तत्परता से उठाए और बंगलादेश सरकार पर दबाव डाले कि वह त्वरित, पारदर्शी जांच सुनिश्चित करे और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाए। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा की मांग करते हुए कहा, हम अपनी मांग दोहराते हैं कि बंगलादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की पूरी तरह से रक्षा की जाए।

# बिहार में सरकारी खजाने को लूट रहे सत्ता में बैठे लोग : तेजस्वी यादव

■ **राजद नेता ने भ्रष्टाचार को लेकर नीतीश सरकार पर बोला हमला**

**पटना,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में इंडिया गठबंधन के समन्वय समिति के अध्यक्ष व राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग समझ चुके हैं कि वह फिर से सरकार में नहीं आएंगे और इसलिए वह सरकारी खजाने को लूट रहे हैं। एनडीए सरकार में संगठित भ्रष्टाचार सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जनता घूसखोरी और दलाली से त्रस्त हो चुकी है। राजद नेता ने साफ लहजे में कहा कि भ्रष्टाचार का आलम है कि सभी विभागों में ताबड़तोड़ टेंडर निकाला जा रहा है, जिसमें सभी विभागीय मंत्रियों का 30 प्रतिशत कमीशन तय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे उन्हें चुनाव का खर्च भी निकालना है। पटना में एक प्रेस वार्ता में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अब कितना भी दम लगा लें, उनकी सरकार नहीं बनने वाली है। इसलिए आनन-फानन में टेंडर निकाला जा रहा है। मात्र तीन महीने की कैबिनेट की बैठक में 76 हजार करोड़ रुपए की ही स्वीकृति मिली है। इसमें अधिकतर योजनाएं निर्माण से जुड़ी हुई हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार वार्षिक रूप से हर साल 25 से 30 हजार करोड़ रुपए लोन की राशि चुकाती है। ब्याज का तो छोड़ दीजिए। बिहार सरकार सरकारी खजाने से चुनाव को लेकर यात्रा और राजनीतिक प्रचार कर रही है। जनता इसका जवाब मांग रही है।



एनडीए सरकार में संगठित भ्रष्टाचार सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जनता घूसखोरी और दलाली से त्रस्त हो चुकी है : तेजस्वी यादव

### महिला संवाद अभियान पर उठाया सवाल

तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार के महिला संवाद अभियान पर भी सवाल उठा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता दल यूनाईटेड बिहार सरकार के पैसों से चुनाव प्रचार कर रही है। तेजस्वी ने दावा किया कि महिला संवाद के नाम पर राज्य में बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है। 225 करोड़ रुपये में प्रचार के लिए 600 चुनावी रथ मंगवाए गए हैं। ठेकेदार के जरिए मंत्री को 30 फीसदी कमीशन दिया जा रहा है।

## मध्य प्रदेश विस ऑफ लाइन क्यों : सिंघार

**भोपाल,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा की कार्यवाही ऑनलाइन नहीं किए जाने को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। सिंघार ने एक्स पोस्ट में कहा कि डिजिटल इंडिया में मध्य प्रदेश विधानसभा ऑफलाइन क्यों है। देश की सभी विधानसभाएं नेशनल ई-विधान ऐप्लिकेशन के तहत डिजिटल हो रही हैं, कार्यवाहियों का सीधा प्रसारण हो रहा है, लेकिन मध्य प्रदेश अब तक अंधेरे में क्यों है? हर साल करोड़ों रुपए सिर्फ विधानसभा की कार्यवाही दिखाने को मिलते हैं, फिर भी प्रदेश सरकार आज तक एक ठोस कदम नहीं उठा पाई। क्या सरकार को डर है कि अगर कार्यवाही जनता ने देख ली, तो उनके असली चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कार्यशैली जवाबदेही से भागना है। विधानसभा जनता का मंच है, न कि सत्ता की गोपनीय बैठक। आखिर सरकार विधानसभा की कार्यवाही को जनता की नज़रों से दूर क्यों रखना चाहती है।



# सेना ने लद्दाख में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की शुरू

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने एक बड़ा कदम उठाते हुए लद्दाख के सुदूर और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की है जिसमें पूर्वी और पश्चिमी लद्दाख तथा सियाचिन ग्लेशियर के अग्रिम क्षेत्र भी शामिल हैं। सेना ने शनिवार को बताया कि दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे दौलत बेग ओल्डी, गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों को पहली बार अब विश्वसनीय 4 जी और 5 जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच मिली है। यह पहल सर्दियों में 18,000 फुट से अधिक ऊंचाई पर बिलकुल अलग-थलग चौकियों में तैनात सैनिकों के लिए एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला साबित हुई है, जिससे उन्हें अपने परिवार और प्रियजनों के साथ जुड़े रहने में मदद मिली है। यह महत्वपूर्ण प्रयास संपूर्ण सरकारी ढांचे के तहत एक सहयोगी दृष्टिकोण के माध्यम से संभव हुआ है, जिसमें भारतीय सेना ने अपने मजबूत ऑप्टिकल फाइबर केबल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के साथ साझेदारी की है। फायर एंड फ्यूरी कोर ने इस तालमेल को सक्षम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है, जिसके परिणामस्वरूप सेना के बुनियादी ढांचे पर कई मोबाइल टावर लगाए गए हैं, जिनमें अकेले लद्दाख और कारगिल जिलों में चार प्रमुख टावर शामिल हैं। इस पहल का प्रभाव सैन्य कल्याण से कहीं आगे तक फैला हुआ है, यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्र निर्माण प्रयास के रूप में उभर रहा है जो दूरदराज के सीमावर्ती गांवों के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को बदल रहा है।



■ सीमावर्ती गांवों को भी सशक्त बनाया

## भाषा के प्रति नफरत अनुचित : मायावती

**लखनऊ,** 19 अप्रैल (एजेंसयसां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आजकल चल रहे भाषा विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाषा के प्रति नफरत अनुचित है। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बीएसपी संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा और आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने आगे लिखा कि जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुन: आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के चलते इन राज्यों व केंद्र के बीच राजनीतिक स्वार्थ के लिए विवाद से जन व देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक है। गुड गवर्नेंस वही है जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। मायावती ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे-बच्चियां अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर आईटी व स्किल्ड क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं।



# रोगग्रस्त होकर विकसित भारत की संकल्पना असंभव : अमित शाह

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि विकसित भारत की संकल्पना रोगग्रस्त होकर नहीं की जा सकती, इसीलिए यह बहुत जरूरी है कि देश का हर नागरिक स्वस्थ रहे। शाह ने शनिवार को यहां विश्व यकृत दिवस के अवसर पर यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सामने आज़ादी की शताब्दी के समय 2047 में एक विकसित भारत की रचना करने का लक्ष्य रखा है जो हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो और विश्व का नेतृत्व करे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना रोगग्रस्त होकर नहीं की जा सकती और इसीलिए ये बहुत ज़रूरी है कि हर नागरिक स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि आज विश्व यकृत दिवस के अवसर पर पूरे देश की जनता को अपने यकृत के प्रति सजग, प्रयत्नशील और पूरी जानकारी के साथ यकृत को स्वस्थ रखने का संकल्प लेना चाहिए। संस्थान ने एक विशेष योजना का शुभारंभ किया है और यह अभिनव पहल यकृत को स्वस्थ रखने के प्रति देश में जागरूकता फैलाने में सफल होगी। वेदों में कहा गया है कि आहार ही औषधि है और आज इस थीम को स्वीकार कर पूरा विश्व आगे बढ़ रहा है। 2014 से 2025 तक 11 साल में मोदी सरकार ने हॉलिस्टिक दृष्टिकोण के साथ देश के नागरिकों को स्वस्थ बनाने के अनेक कार्यक्रम चलाए हैं।




■ विश्व यकृत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

**दिशा-निर्देश** *डल झील में शिकारा संचालकों के लिए नए सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी*

# शिकारा में सभी पर्यटकों के लिए किए लाइफ जैकेट अनिवार्य

**जम्मू,** कश्मीर में डल झील में नाव पलटने की घटना के कुछ दिनों बाद, पर्यटन निदेशालय, कश्मीर ने दुर्घटनाओं को रोकने और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, सभी शिकारा को पर्यटन विभाग के साथ पंजीकृत होना चाहिए और उनकी पंजीकरण संख्या स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए। संचालन में पाए जाने वाले किसी भी अनधिकृत या अपंजीकृत शिकारा को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा, ऐसा इसमें लिखा है। नए दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि लाइफ जैकेट अब अनिवार्य हैं, प्रत्येक शिकारा में यात्रियों की संख्या के बराबर या उससे अधिक जैकेट ले जाना आवश्यक है। यदि नाबालिग सवार हैं तो बच्चों के आकार की जैकेट उपलब्ध कराई जानी चाहिए। जब तक प्रत्येक यात्री उचित सुरक्षा गियर नहीं पहनता, तब तक किसी भी शिकारा को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक शिकारा पर अधिकतम यात्री क्षमता, पंजीकरण संख्या और पर्यटन पुलिस, आपदा प्रतिक्रिया दल तथा निकटवर्ती अग्निशमन एवं बचाव केन्द्रों के आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित होने चाहिए। संचालन के दौरान वैध पहचान और पंजीकरण दस्तावेज साथ रखना अनिवार्य है। ओवरलोडिंग सख्त वर्जित है और इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निर्देश में आगे कहा गया है कि नाव मालिकों को अपने शिकारों की संरचनात्मक अखंडता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण करना चाहिए।

जो खराब या असुरक्षित स्थिति में पाए जाएंगे, उन्हें संचालन से रोक दिया जाएगा। कम दृश्यता के घंटों जैसे कि सुबह या शाम के समय, नेविगेशन लाइट और वाटरप्रूफ सीटी बजाना अब अनिवार्य है। इसमें यह भी कहा गया है कि आपरेटरों को एक बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा किट भी साथ रखनी चाहिए और खराब मौसम के दौरान नौकायन से बचना चाहिए। दो घंटे के भीतर पर्यटन विभाग को किसी भी दुर्घटना की सूचना देना अनिवार्य कर दिया गया है। मैनुअल रोइंग ही प्रणोदन का एकमात्र अनुमत तरीका है। विशेष रूप से अनुमोदित किए जाने तक मोटर या यांत्रिक प्रणालियों के उपयोग पर प्रतिबंध है। किसी भी उल्लंघन के परिणामस्वरूप नाव को तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि विभाग ने सरकार द्वारा अधिसूचित किराया दरों के कार्यान्वयन को भी सुदृढ़ किया है।

प्रत्येक नाव पर दर कार्ड स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाने चाहिए। पर्यटकों से अधिक पैसे लेना या अतिरिक्त भुगतान की मांग करना सख्त वर्जित है और दंडनीय है।



■ डल झील में नाव पलटने की घटना के बाद पर्यटन विभाग ने उठाया कादम

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर


➲ प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 | RAJHIN/2021/81855 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर



Facebook: https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube: https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram: instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail: palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379